# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्र,खलीलाबाद, जनपद- संत कबीर नगर।
kabirnagar@gmail.comcdsant -mail I.D:-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,

पत्रांक 823 / W-05 / 115 दिनांक 07/09/2026

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक महोदय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय:- दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक 03.09.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,





उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि दिनांक 03.09.2026 दैनिक जागरण समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"संतकबीरनगर में निर्माणाधीन टंकी का छज्जा टूटने से दो मजदूर घायल, एक की मौत"*** के क्रम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वि0ख0- नाथनगर में **भैसही उर्फ भैसवहिया पेयजल योजना** पर ओवरहेड टैंक 85 प्रतिशत पूर्ण है, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है , सोलर पैनल का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है। पाइपलाइन का कार्य 7.94 किमी० के सापेक्ष 8.05 किमी० पूर्ण है एवं गृह संयोजन का कार्य 201 नग के सापेक्ष 127 नग पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में उक्त योजना पर कार्य प्रगति पर है।

यह भी अवगत कराना है निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय के स्टेयर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिस पर कार्य करते समय दो मजदूर के पैर फिसलने के कारण सटरिंग में प्रयुक्त बांस (Bamboo) का हट जाने के कारण पूरी सटरिंग Collapse हो गयी, जिस कारण दोनों मजदूर ऊपर से गिर गये। जिसमें से एक मजदूर का प्राथमिक उपचार कराकर छोड़ दिया गया। दूसरे श्रमिक का इलाज हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया, बाद में मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जिसे जॉचोपरान्त मृतक घोषित कर दिया गया। कार्यदायी फर्म द्वारा मृतक के परिवारजन को सहायता धनराशि दी गयी है।

यह भी अवगत कराना है कि घटना घठित होने के तत्काल बाद कार्य को बंद करा दिया गया। जिसे स्थिति सामान्य होने पर शीघ्र ही कार्य को प्रारम्भ करा दिया जायेगा। सामाग्री कार्यस्थल पर निर्माण हेतु रखी गयी है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०स० एवं दिनांक तदैव-

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।
6. कार्यदायी फर्म मे० विश्वराज, संतकबीरनगर।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक ~~भास्कर~~ जागरण श्री चन्द्रशेखर &
दिनांक :- 03/09/26 प्रशान्त

संतकबीर नगर में निर्माणाधीन टंकी का छज्जा टूटने से दो मजदूर घायल, एक की मौत

BY **RAM MANOHAR TRIPATHI**EDITED BY: **VIVEK SHUKLA**

PUBLISHED: THU, 03 SEP 2026 11:56 AM (IST)

संतकबीर नगर में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल हो गए, जिनमें से एक की गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा भैंसही उर्फ भैंसवरिया गांव में हुआ, जहां कथित तौर पर पतली सरिया के इस्तेमाल से छज्जा

भार सहन नहीं कर पाया।

ग्राम पंचायत भैंसही ऊर्फ भैसवरिया में निर्मित पानी की टंकी व गंभीर रूप से घायल लाडन अली। जागरण

**HIGHLIGHTS**

1. संतकबीर नगर में निर्माणाधीन पानी की टंकी का छज्जा टूटा।
2. हादसे में दो मजदूर घायल, एक की गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत।
3. ग्रामीणों ने निर्माण में पतली सरिया के उपयोग का आरोप लगाया।

**संवाद सूत्र, महुली, (संतकबीर नगर)।** जल जीवन मिशन(ग्रामीण)के तहत महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैंसही उर्फ भैंसवरिया में निर्माणाधीन टंकी का छज्जा बनाते समय टूट गया। शटरिंग व छज्जा के साथ काम पर लगे दो मजदूर 40 फीट नीचे भूमि पर गिर गए। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखकर एक मजदूर को उपचार के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज-गोरखपुर रेफर कर दिया। यहां लाने पर एक घायल की मौत हो गयी।

महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैंसही उर्फ भैंसवरिया में जल जीवन मिशन(ग्रामीण)के तहत पानी की टंकी बनाई जा रही है। इसमें कुशीनगर जनपद के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सोहंग महुआ खुर्द गांव निवासी 30 वर्षीय लाडन अली पुत्र हरीफ व अहिरौली दन ढ़ाला गांव निवासी 32 वर्षीय शोभराज काम कर रहे थे।

गत बुधवार को शाम के समय निर्माणाधीन टंकी का छज्जा ढाला जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार छज्जा में मजबूत की जगह पतली सरिया का उपयोग किया जा रहा था। जैसे ही उस पर सीमेंट,गिट्टी आदि सामग्री डाली गयी,वैसे ही वह भार सहन नहीं कर सका, छज्जा टूटकर गिर गया।

इस घटना में काम कर रहे ये दोनों मजदूर 40 फीट नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। शोभराज के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी हालत गंभीर थी।